तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 मरीजों के परिजनों को जिला अस्पताल में मिलेगा...



13 बस स्टाप निर्माण कार्य का भूमिपूजन...




## पर्व विशेष : आयोजन समिति ने हर परिवार से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील दोहराई

# हिंदू नववर्ष पर आज घर-घर जलेंगे दीप, निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवरात्र आरंभ के साथ आज से हिंदू नववर्ष की भी शुरुआत होने जा रही है। मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया जा रहा है। वहीं विशेष पूजा की तैयारी भी की जा रही हैं। शहर के चौक चौराहों को बीते कई दिनों से भगवा ध्वज और तोरणों से सजाया जा रहा है। नूतन वर्षाभिनंदन के लिए हिंदू नववर्ष उत्सव आयोजन समिति द्वारा आज प्रतिपदा पर भव्य शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने नागपुर के ढोलताशा पार्टी बुलाया गया है। इसी तरह बंगाली समाज की घुनुची महाकाल मुक्तिधाम की डमरू झांझ के अलावा इस बार हनुमानजी के बदले शिवजी शोभायात्रा में भ्रमण करेंगे। साथ ही रावत नाचा, सुआ नृत्य, रामजी की झांकी, लाइव भजन प्रमुख रूप से शोभायात्रा के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसको लेकर आयोजन समिति के साथ ही नगर में उत्साह का वातावरण बन रहा है। हिन्दू



नववर्ष को लेकर नगर के डिवाइडर में भगवा तोरण पताका लगाया जा रहा है। साथ ही डिवाइडर में इस बार हिन्दू धर्म से संबंधित प्रतीक चिन्ह डमरू, त्रिशुल, ओम, स्वास्तिक, धनुष बनाकर सजाया जाएगा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के विक्रम सिंह ठाकुर, खिलावन बघेल, रितेश गोलछा, अग्रज शर्मा, जितेंद्र पप्पु साहू, अनुपम त्रिपाठी, आलोक दुबे ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह धार्मिक और सामाजिक आयोजन है जिसमें सभी राजनीतिक दलों के लोग हिंदुत्व के प्रति आस्था के साथ शामिल होने जा रहे हैं। जिसमें नागरिक अपने स्वयं का कार्यक्रम समझकर शामिल होते है और भक्तिमय वातावरण का निर्माण करते है। शोभायात्रा पूरे छग में एक मिसाल पेश करता है।

### शोभायात्रा के लिए तय हुए विशेष परिधान

आयोजनकर्ताओं ने नागरिकों से निवेदन किया है कि सभी भारतीय परिधान पहनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने सफेद कुर्ता, पीली-लाल या भगवा साड़ी में माताएं बहनें शामिल हो सकती है। कार्यक्रम के तहत 30 मार्च की शाम 4 बजे तुमगांव रोड स्थित शारदा मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगा, जो ओवरब्रिज होते हुए नेहरू चौक, कचहरी चौक से बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर पहुंचकर समापन होगा।

### आज जलेंगे घर-घर दीप


पूछे गए सवालों के जवाब में आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन में करीब 5 से 6 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। जिसमें नागरिकों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। अंत में यदि कुछ राशि कम पड़ जाती है तो उसके लिए 20 लोगों का कोर समिति गठित है, जो आपसी सहयोग से बचत खर्च पूर्ण किया जाएगा। नागरिकों से अनुरोध करते हुए उन्होंने बताया कि नववर्ष पर दीपावली सह माहौल बनाए घरों में रंगोली सजाकर संध्या बेला में दीपक जलाएं।

### विधायक ने की भगवा ध्वज वितरण की शुरुआत



हिंदू नववर्ष एवं श्रीराम नवमी के आयोजन के मद्देनजर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा भगवा ध्वज वितरण किया जा रहा है। पहले दिन विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कार्यालय से ध्वज वितरण की शुरुआत की। विधायक सिन्हा ने आमजनों से नववर्ष के दिन अपने घरों में ध्वज लगाने की बात कही है। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों से पहुंचे ग्रामीणों को भी भगवा ध्वज का वितरण किया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।



### महाशक्ति मां दुर्गा पूजन का आयोजन

महासमुंद। स्थानीय रामेश्वरी मंदिर के पास पंजाबी पारा में महाशक्ति मां दुर्गा पूजन का आयोजन किया जा रहा है। 29 मार्च को अग्निदेव की स्थापना, 30 मार्च को प्रातः 11: 36 से अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन एवं स्थापना, 2 अप्रैल को माता श्रृंगार एवं पंचमी पूजन, 5 अप्रैल को मां दुर्गा महाष्टमी, हवन एवं कन्या पूजन होगा। नवमीं तिथि 6 अप्रैल को पूर्णाहुति, पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया है। आयोजक मोहन लाल सिन्हा है।

## हिंदू नववर्ष का भव्य स्वागत, विशाल बाइक रैली निकलेगी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर प्रत्येक घर, गली और बाजार में उल्लास का माहौल है। घर-घर में भगवा ध्वज लहराए जा रहे हैं, जिससे संपूर्ण शहर भक्ति और सांस्कृतिक उत्साह में डूबा हुआ नजर आ रहा है।

आज हिंदू नववर्ष का भव्य आगाज होगा, जिसे लेकर नागरिकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। भजन संध्या, शोभायात्रा और दीप प्रज्वलन के माध्यम से नगरवासियों ने नववर्ष का स्वागत किया। शहर की प्रमुख सड़कों और मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया है। विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का भी आयोजन किया गया है। नगरवासियों का मानना है कि हिंदू नव वर्ष नए संकल्पों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन में नई प्रेरणा लाता है। इस अवसर पर नगर प्रशासन ने भी सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि सभी नागरिक सुरक्षित और सुखद वातावरण में इस पर्व का आनंद उठा सकें।

## ओवरब्रिज के नीचे की खाली पड़ी भूमि का विधायक ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शनिवार को शहर के ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ी भूमि का विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू और उपाध्यक्ष देवीचंद राठी के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने खाली पड़ी भूमि को विकसित कर उसका सदुपयोग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को कहा कि उक्त भूमि पर ऐसा विकास कार्य की सौगात देनी है, जिससे आमजन को लाभ हो। लोगों को रोजगार मिले और पालिका के राजस्व में भी आय का स्त्रोत बढ़े। उन्होंने ब्रिज के नीचे की जमीन का पूरा जायजा लिया और वहां संभावित विकास कार्यों के संबंध में चर्चा भी की। उन्होंने नपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को उक्त भूमि का आर्किटेक्ट से निरीक्षण करवाकर विकास कार्यों का 3डी नक्शा बनवाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि यह स्थान अनुपयोगी हो रही है। इसलिए इस स्थान पर उचित विकास कार्यों की सौगात देकर उसका कायाकल्प किया जाएगा।

इसके लिए नगर पालिका को जो भी सहायता या अनुमति की आवश्यकता होगी, वे पूरा सहयोग करेंगे। उन्होंने उक्त स्थान में दुकानें लग जाए और एक चौपाटी का निर्माण हो जाए ऐसी व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इस दौरान पार्षद हरवंश सिंह (नानू भाई), भाऊराम साहू, माखन पटेल ने भी अपनी राय दी। इस दौरान भाजपा के कार्यकर्तागण शरद राव बावनकर, रामेश्वर पटवा सहित आसपास के लोग मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### धनगर समाज ने किया मातृशक्ति को सम्मानित

**रायपुर।** छग झाड़े धनगर समाज के तत्वावधान में मातृशक्ति सम्मान व समाज के वार्षिक अधिवेशन रायपुर के महापौर मीनल चौबे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में धनगर समाज की जागरूक व प्रतिभावान 45 मातृशक्तियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सुषमा साहू पार्षद, उमा निर्मलकर पूर्व पार्षद उपस्थित रहीं। सर्व गड़रिया समाज के संरक्षक जागेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, अजय हंसा, समाज के अध्यक्ष गोविंद धनगर, यशवंत पाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### कोटा में बिना अनुमति निर्माण को तोड़ा

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग की टीम ने रामकृष्ण परमहंस वार्ड के तहत परमानंद नगर कोटा में सरिता शर्मा द्वारा करीबन 5000 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में बिना अनुमति किये गए निर्माण को तोड़ने और शटर को हटाने की कार्यवाही की। भवन स्वामी को भूतल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है। वहीं जोन 8 के तहत मोहबाबाजार से एम्स होते हुए टाटीबंध मुख्य मार्ग में करीब 15 ठेला गुमटी हटाने की कार्यवाही की गई है।

### चेट्रीचंड्र पर्व पर मांस मटन विक्रय प्रतिबंधित

**रायपुर।** नगर निगम क्षेत्र में रविवार को चेट्रीचंड्र पर्व के मौके पर मांस-मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश परिपालन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 30 मार्च को रायपुर नगर निगम क्षेत्र स्थित सभी पशुवध गृह और सभी मांस-मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया हे। इस दिन नियम की अनदेखी किये जाने पर मांस-मटन जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

### चौपाटी हटाने 31 मार्च को धरना-प्रदर्शन

**रायपुर।** राजधानी के बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ के पास दानी स्कूल और डिग्री गर्ल्स कालेज मार्ग पर निर्माणाधीन चौपाटी हटाने की मांग को लेकर सत्यमेव जयते फाउंडेशन के पदाधिकारी नागरिकों के साथ 31 मार्च को धरना देंगे। निर्माण स्थल पर धरना जनप्रतिनिधियों और शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने दिया जायेगा। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि चौपाटी निर्माण के विरोध में पहले भी आंदोलन हुये हैं। 2018 में इस चौपाटी का निर्माण विरोध के बाद रोका गया। 2020 में नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट को ही रद्द कर दिया था। नई सरकार बनते ही कोर्ट के आदेश का हवाला देकर अनुबंधित एजेंसी ने चौपाटी निमार्ण का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। श्री अग्रवाल ने बताया, चौपाटी निर्माण रोकने महापौर मीनल चौबे से भी मुलाकात की थी, उसके बाद महापौर ने स्थल निरीक्षण कर इस पर नाराजगी जताई । उन्होंने काम बंद करने के लिए कहा था पर चौपाटी का काम नहीं रोका गया है।

# मरीजों के परिजनों को जिला अस्पताल में मिलेगा अस्थायी ठिकाना, बनेगा नया भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- जिला अस्पताल के मरचुरी के समीप की जमीन का चयन

इलाज के लिए दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीज और उनके परिजनों को अब भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला अस्पताल पंडरी में उनके लिए नया भवन बनाया जाएगा। अस्पताल परिसर स्थित मरचुरी के समीप की रिक्त भूमि का चयन इसके लिए किया गया है। सभी अस्पतालों में मरीजों और अटेंडरों के ठहरने के लिए अस्थायी ठिकाना नहीं है।

राजधानी में चार बड़े अस्पताल मौजूद हैं, जहां प्रदेश के साथ दूसरे राज्यों से भी इलाज के लिए मरीज आते हैं। इनमें से 90 फीसदी मरीज मध्य और निम्न वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। कई बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को काफी दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है। इस बीच उनके साथ आने वाले अटेंडरों को या तो अस्पताल के गलियारों में रात बितानी पड़ती है अथवा किसी होटल या लॉज में जाकर पैसे खर्च करने पड़ते हैं। जिला अस्पताल पंडरी में इस योजना पर अमल करना शुरू कर दिया गया है।

गुरुवार को कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वरंजन और सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी सहित अन्य लोगों ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। विभिन्न स्थानों को देखने के बाद परिजन आवास के लिए मरचुरी के समीप रिक्त पड़ी भूमि का चयन किया गया है। संबंधित जमीन की नापजोख कर निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश पीडब्लूडी के अधिकारियों को दिए गए हैं। जिला अस्पताल पंडरी की क्षमता 200 बेड की है जिमसें 50 फीसदी बेड में मरीज इलाज के लिए भर्ती रहते हैं। दावा किया जा रहा है कि भवन निर्माण पूरा होने के बाद यहां भर्ती होकर इलाज कराने वाले मरीज के परिजनों को इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी।

### आंबेडकर अस्पताल में भी योजना

स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कुछ समय पहले आंबेडकर अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने के साथ ही उनके द्वारा कालेज परिसर में परिजनों के आवास के लिए भवन बनाने की योजना का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए थे। अस्पताल प्रबंधन इस पर काम कर रहा है, क्योंकि आंबेडकर अस्पताल में हमेशा करीब एक हजार मरीज भर्ती होकर अपना इलाज कराते हैं और उनके दो से तीन हजार अटेंडरों का दबाव अस्पताल परिसर पर रहता है। नया भवन बनने के बाद परिजन आवास की आवश्यकता और बढ़ जाएगी।



*एम्स में भी यही समस्या : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भी आने वाले मरीजों के परिजनों के सामने भी ठिकाने की समस्या रहती है। उनके पास विकल्प के रूप में अस्पताल भवन में रहने अथवा सामने के गुरुद्वारा में दिन गुजारने का होता है। एम्स में परिजन आवास की जरूरत काफी समय से है और इसके लिए भी योजना बनाने की तैयारी की जा रही है। डीके अस्पताल भवन के ऊपर परिजन आवास की सीमित सुविधा है और परिसर में ऐसे लोगों का स्थायी डेरा है। वहां भी परिजन भवन बनाने की योजना बनाई गई थी, मगर उस पर अब तक उसे कार्य रूप में नहीं लाया जा सका है।*

## कलेक्टर ने अमृत सरोवर-मनरेगा कार्यों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को अभनपुर ब्लॉक के ग्राम केंद्री में अमृत सरोवर के तहत बनाए जा रहे तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के गहरीकरण की साइज का भी माप कराया। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत गहरीकरण का काम कर रहे मजदूरों से भी बातचीत की और उनसे मजदूरी समय पर मिल रही है या नहीं, इसकी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान करें।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभान्वित चंदर जेठाराम यादव के निर्माणाधीन आवास का भी जायजा किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति देखी और परिवार से बातचीत कर योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर आवास योजना का लाभ मिले और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस अवसर पर एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 4 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन

# मनरेगा कर्मचारियों ने धरनास्थल से निकाली रैली, पुलिस ने रास्ते में रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- प्रदेशभर में 12 हजार मनरेगा कर्मचारी, 5 माह से नहीं मिला मेहनताना

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर 4 सूत्रीय मांग को लेकर मनरेगा कर्मचारियों ने शनिवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से रैली निकाली। पुलिस ने इन्हें रास्ते में रोक लिया। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों ने अनुविभागीय अधिकारी को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

प्रदेशभर के 12 हजार मनरेगा कर्मचारियों को 5 माह का मेहनताना अब तक नहीं मिला है। ऐसी दशा में उनके परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ खड़ी हुई है। 19 साल से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों के लिए अब तक मानव संसाधन नीति नहीं बनी है, जबकि छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में मनरेगा कर्मचारियों को कई तरह की सुविधायें दी जा रही हैं। ऐसे में नियमितीकरण सहित 4 सूत्रीय मांग को लेकर मनरेगा कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। शनिवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बड़ी संख्या में प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारी इकट्ठा हुये। दोपहर 3 बजे उन्होंने रैली निकाली। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को पुलिस ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इससे कर्मचारी नाराज हुये। बाद में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी को अपने लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।



*रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन*
*प्रदेश के मनरेगा कर्मचारियों ने रायपुर के तूता मैदान में रैली निकालकर अपनी सेवा सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। 19 साल ग्रामीण विकास में अपनी सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए न तो मानव संसाधन निधि बन पाई और न ही इनको सम्मानजनक नौकरी नसीब हो रही है।*

*सही जानकारी नहीं देने का आरोप : छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह क्षत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों पर शासन को सही जानकारी से अवगत नहीं कराने का आरोप लगाया है। जबकि राजस्थान जैसे राज्यों में 9 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके मनरेगा कर्मचारी नियमित हो चुके है। भाजपा की सरकार बनने के बाद इन कर्मचारियों को सरकार से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन अब उनके सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है। बीते एक साल में ये कर्मचारी मानव संसाधन लागू कराने संघर्ष करते रहे। कमेटी बनी जिसे 15 दिवस में रिपोर्ट सौंपना था, किंतु प्रशासन की उदासीनता के कारण निर्णय नहीं हुआ।*

### कर्मचारियों ने कहा- कमेटी ने अब तक नहीं सौंपी रिपोर्ट

लामबंद कर्मचारियों का कहना है कि 19 साल से सेवा देने के बाद भी मानव संसाधन नीति नहीं बनी है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षत्री ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा के लिए मानव संसाधन नीति बनाने शासन स्तर पर कमेटी बनाई गई है। कमेटी ने अब तक अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है। हमारी मांग है कि नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक मनरेगा कर्मचारियों की सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए मानव संसाधन नीति तत्काल लागू की जाये। पूर्व में की गई हड़ताल अवधि का वेतन और लंबित मानदेय तत्काल प्रदान किया जाये। मनरेगा कर्मचारियों से केंद्र व राज्य शासन के निर्देश अनुसार महात्मा गांधी रोजगार योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जाये।

## आदिवासी बच्चों को बंधक बनाकर काम कराने वाली फरार आरोपी गिरफ्तार

- इसी मामले में आरोपी का पति आजीवन कारावास की सजा काट रहा
- कबीर नगर थाना क्षेत्र में दस वर्ष पूर्व की घटना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत कांकेर के तीन बच्चों को शिक्षा देने के नाम पर बंधक बनाकर घर में काम कराने की फरार आरोपी महिला को पुलिस ने उत्तरप्रदेश, गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। बच्चों को बंधक बनाकर काम कराने के आरोप में गिरफ्तार महिला के पति को कोर्ट ने तीन वर्ष पूर्व आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

पुलिस ने बिनीता शर्मा को गिरफ्तार किया है। महिला पर आरोप है कि उसने अपने पति सतीश शर्मा उर्फ क्षितिज के साथ मिलकर बस्तर मित्र फाउंडेशन के नाम से झूठी जानकारी देकर इंद्रावती भवन में रजिस्ट्रेशन करवाया। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद महिला और उसके पति ने वेदांता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का प्रमाणीकरण शिक्षा विभाग से करवाकर आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति के आदिवासी क्षेत्र के तीन बच्चों को शिक्षा देने का झांसा देकर बंधक बनाकर नौकर की तरह घरेलू कार्य कराया। घरेलू कार्य नहीं करने पर बच्चों के साथ मारपीट की। कोर्ट में चालन पेश होने के पहले महिला पुलिस को चकमा देकर फरार हो गई थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## रायपुर में नहीं बढ़ेंगी शराब दुकानें जिस इलाके में ज्यादा दुकान वहां घटाकर विहीन क्षेत्र में की जाएगी शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्तीय वर्ष 2025-26 में आबकारी विभाग की नई नीति के तहत छत्तीसगढ़ में 67 नई दुकानें खोली जाएंगी। ये दुकानें अलग-अलग जिलों के ऐसे क्षेत्र में खोली जाएंगी, जहां शराब की कोई दुकान नहीं है। सूत्रों के अनुसार जिन जिलों में ये दुकानें खुलेंगी, उनमें रायपुर जिला को शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि जिले में अन्य जिलों की तुलना में सबसे ज्यादा शराब की दुकानें हैं।

रायपुर में कई इलाके ऐसे हैं, जहां आसपास शराब की कई दुकानें हो गई हैं। इसके कारण जिले की दूसरी शराब दुकान विहीन क्षेत्रों में लोगों को शराब लेने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि जिन इलाकों में जरूरत से ज्यादा दुकान हैं, वहां की कुछ दुकानों को चिन्हित कर विहीन क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाएगा।

### विभाग का राजस्व बढ़ेगा

शराब दुकान विहीन क्षेत्र में दुकान खुलने से विभाग की भी कमाई बढ़ जाएगी। शराब दुकान नहीं होने के कारण लोग अवैध रूप से बिकने वाली शराब खरीदते हैं। इसके कारण विभाग को भी नुकसान होता है। दुकान खुलने से लोग शराब वहीं से खरीदेंगे, जिससे विभाग की आय के साथ राजस्व भी बढ़ेगा।

### अवैध शराब की बिक्री पर भी लगेगी रोक

रायपुर शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में शराब की ज्यादा दुकानें होने के कारण उन क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री भी बहुत कम हो पाती है, लेकिन जिन क्षेत्रों में शराब की दुकान नहीं हैं, वहां अवैध शराब की जमकर बिक्री होती है। ऐसे शराब दुकान विहीन क्षेत्रों में कोचिए से लेकर शराब माफिया ज्यादा सक्रिय रहते हैं। खासकर त्योहार के दौरान इन क्षेत्रों में अवैध शराब की जमकर बिक्री होती है। लोगों को भी ज्यादा कीमत देकर शराब खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दुकानों के शिफ्ट होने से विहीन क्षेत्रों में भी अवैध शराब की बिक्री कम होगी और लोगों को भी सही कीमत पर शराब मिल पाएगी।

## रविवि ने वापस नहीं लिया प्रवेश परीक्षा शुल्क लेकिन अब 700 की जगह देने होंगे 500 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने प्रवेश परीक्षा के लिए लगाए गए शुल्क को वापस लेने से इनकार कर दिया है, हालांकि इसमें कटौती की गई है। प्रवेश परीक्षा संबंधित अधिसूचना जारी करते हुए रविवि ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रवेश परीक्षा शुल्क के रूप में 700 रुपए लेने की बात कही थी।

इसके पूर्व तक ऑनलाइन प्रवेश परीक्षाएं होने के कारण रविवि किसी तरह का शुल्क नहीं लेता था। शून्य से 700 रुपए पर परीक्षा शुल्क पहुंचने का मुद्दा हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ उठाया था। इसके बाद छात्रसंगठनों ने भी विरोध-प्रदर्शन करते हुए परीक्षा शुल्क कम करने की मांग की थी।

रविवि द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, प्रवेश परीक्षा के लिए अब सामान्य वर्ग के छात्रों को 500 रुपए का भुगतान करना होगा, जबकि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को 400 रुपए तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के विद्यार्थी 300 रुपए का भुगतान करेंगे। रविवि प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन मई में करेगा। इसके लिए आवेदन 25 मार्च से प्रारंभ हो चुके हैं। 25 अप्रैल तक का समय विद्यार्थियों को दिया गया है।



### छात्र स्वयं लाएंगे डिवाइस

रविवि मई माह में ऑनलाइन मोड में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करेगा। छात्रों को स्वयं का डिवाइस अर्थात लैपटॉप अथवा मोबाइल फोन लेकर आना होगा। छात्रों को रविवि द्वारा लिंक प्रदान किया जाएगा, जिसमें क्लिक करने के बाद छात्रों को प्रश्नपत्र मुहैया होगा। छात्रों को मल्टीपल च्वॉइस बेस्ड सवाल दिए जाएंगे, जिसके जवाब ऑनलाइन ही देने होंगे। इस दौरान परीक्षा केंद्र में जैमर लगा होगा, ताकि छात्र गूगल अथवा दूसरे वेबसाइट ना खोल सकें।

### लौटाई जाएगी अंतर की राशि

रविवि ने आवेदन प्रारंभ होने के तीन दिन पश्चात फीस में कटौती की है। इन तीन दिनों के दौरान जिन छात्रों ने आवेदन करते हुए 700 रुपए का भुगतान किया है, उन्हें फीस के अंतर की राशि लौटाई जाएगी। इसके लिए रविवि प्रबंधन से छात्रों को संपर्क करना होगा। छात्रों को आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में ही करनी होगी। प्रोस्पेक्टस सह फॉर्म की व्यवस्था विवि द्वारा पूर्व में ही समाप्त की जा चुकी है। परीक्षा शुल्क लिए जाने के बाद भी इस व्यवस्था को दोबारा लागू नहीं किया जाएगा।

## विश्व शांति महायज्ञ से प्रदेश हुआ धन्य : सीएम




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलेख महिमा धर्म विकास समिति के संस्थापक परमपूज्य संत श्रीमत बाबा उदयनाथ की अगवाई में गॉस मेमोरियल स्कूल मैदान में विश्व शांति अखंड महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम में पहुंचे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए विश्वशांति अखंड महायज्ञ के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि इस अवसर पर संत उदयनाथ बाबा ने मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत करते हुए महान संत-कवि भीमाभोई का चित्र भेंट कर उनका सम्मान किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने साधु-संतों के चरणों को नमन करते हुए कहा, विश्वशांति महायज्ञ से छत्तीसगढ़ धन्य हुआ है, साधु-संत के चरण-रज छत्तीसगढ़ की पवित्र धरती में पड़े, यह छत्तीसगढ़वासियों का परम सौभाग्य है, जहां राजधानी में यह आयोजन हुआ। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायके है, भगवान राम का ननिहाल है, विश्व शांति यज्ञ की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है, यह सनातन धर्म में ही संभव है।

## अप्रैल और मई में 13 दिन रद्द रहेगी रायपुर विशाखापट्टनम पैसेंजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सम्बलपुर रेल मण्डल के टिटलागढ़-लखोली व टिटलागढ़-सम्बलपुर सेक्शन में पुल पुनर्निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा, जिसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। इसमें 01, 04, 08, 11 एवं 15 अप्रैल, 2025 को टिटलागढ़ से चलने वाली 58213 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेजर नहीं चलेगी । इसके अलावा 01, 04, 08, 11 एवं 15 अप्रैल, 2025 को बिलासपुर से चलने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेजर नहीं चलेगी। 02, 06, 10, 13, 19, 23 एवं 27 अप्रैल को, 03, 06, 11, 18, 20 एवं 25 मई, 2025 को विशाखापटनम से चलने वाली 58528 विशाखापटनम-रायपुर पैसेजर नहीं चलेगी। इसके अलावा 03, 07, 11, 14, 20, 24 एवं 28 अप्रैल को, 04, 07, 12, 19, 21 एवं 26 मई, 2025 को रायपुर से चलने वाली 58527 रायपुर-विशाखापटनम पैसेजर नहीं चलेगी । दिनांक 02, 06, 10, 13, 19, 23 एवं 27 अप्रैल को, 03, 06, 11, 18, 20 एवं 25 मई, 2025 को रायपुर से चलने वाली 58207 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेजर नहीं चलेगी।

# टारगेट पूरा करने अपॉइंटमेंट डबल दिए जा रहे, रजिस्ट्रियां फिर भी 65 प्रतिशत से कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पंजीयन कार्यालय में इन दिनों रजिस्ट्री कराने वालों का मेला लगा हुआ है। इसके कारण सुबह से देर रात तक रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की भीड़ भी देखी जा रही है। विभाग अपने वार्षिक टारगेट से अभी भी लगभग 50 से 60 करोड़ रुपए पीछे है। इस टारगेट को पूरा करने के लिए अपॉइंटमेंट देने का स्लाट भी डबल कर दिया गया है, जिसके कारण पिछले तीन दिन से प्रत्येक एसआर कोर्ट में 65 की जगह 127 अपॉइंटमेंट दिए जा रहे हैं। इस तरह रायपुर दफ्तर में पिछले तीन दिनों से लगातार पांचों एसआर कोर्ट बढ़े स्लाट के साथ हाउसफुल चल रहे हैं। विभाग ने टारगेट पूरा करने के लिए स्लाट तो बढ़ा दिया है, लेकिन अपॉइंटमेंट की तुलना में रजिसट्रियां अभी भी 65 प्रतिशत से कम हो रही हैं, जिससे विभाग को अब टारगेट पूरा नहीं होने की चिंता सताने लगी है।

### सर्वर के कारण दिनभर हुए लोग परेशान

सर्वर में आई खराबी के कारण एक रजिस्ट्री के पीछे 20 से 25 मिनट लग रहे हैं, जिसके कारण अपॉइंटमेंट के अनुसार लोगों को कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा हैं। इस कारण से बड़ी संख्या में लोग रजिसट्रियां कैंसल करा वापस लौट रहे हैं। विभागीय अधिकारी के अनुसार रजिस्ट्री कम होने का कारण सिर्फ सर्वर समस्या नहीं है, बल्कि अन्य दूसरे कारण भी हैं। इनमें कई लोगों के दस्तावेजों में कमी के कारण रजिस्ट्री नहीं हो पाई तो कई पैसों का इंतजाम नहीं होने सहित अन्य कारण रजिस्ट्री नहीं करा वापस लौट रहे हैं।



### 790 करोड़ टारगेट में बाधा बना सर्वर

पंजीयन मुख्यालय की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला रायपुर को 11 सौ करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था। इसमें सिर्फ रायपुर पंजीयन कार्यालय को 790 करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया है। इस टारगेट की तुलना में विभाग ने मार्च के प्रथम पखवाड़े तक लगभग 704 करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। इस तरह बचे 96 करोड़ रुपए को शेष 16 दिनों में पूरा करना है। विभाग को विश्वास है कि यह टारगेट भी पूरा हो जाएगा, लेकिन सर्वर की समस्या टारगेट में बाधा बन रहा है। चार दिनों तक सर्वर की समस्या रही, जिसके कारण अपॉइंटमेंट की तुलना में इन दिनों में करीब 30 से 35 प्रतिशत ही रजिसट्रियां हो पाई। गुरूवार को सर्वर में सुधार आया था, जिससे रजिसट्रियां 60 प्रतिशत से ज्यादा पर 65 प्रतिशत से कम हुई। इस तरह सर्वर में सुधार आने के बाद भी रजिसट्रियां शत-प्रतिशत नहीं हो रही हैं।

### रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू होने से पहले लौटने वालों को दोबारा लेना होगा अपॉइंटमेंट

*कैंसिल हुई रजिसट्रियों के लोगों को अब दोबारा अपॉइंटमेंट लेना होगा। विभागीय अधिकारी के अनुसार नियम के अनुसार अपॉइंटमेंट के बाद रजिस्ट्री की प्रथम प्रक्रिया शुरू होने के बाद अगर सर्वर समस्या के कारण रजिस्ट्री नहीं हो पाती है, तो उसे दोबारा अपॉइंटमेंट लेना नहीं पड़ेगा, लेकिन अगर रजिस्ट्री की प्रथम प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही कोई वापस लौट जाता है, तो उसे रजिस्ट्री कराने के लिए दोबारा अपॉइंटमेंट लेना होगा।*

### जिले में एक दिन में 590 रजिस्ट्री 11 करोड़ से अधिक की आय

*जिले में 27 मार्च को एक दिन में 590 रजिसट्रियां हुई है, जिससे कुल 11 करोड़ 13 लाख 34 हजार 790 रुपए की आय हुई है। इसमें पंजीयन फीस से 3 करोड़ 64 लाख 7 हजार 922 रुपए एवं स्टाम्प ड्यूटी से 6 करोड़ 56 लाख 31 हजार 2 रुपए है। इस तरह रायपुर कार्यालय में 385 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 9 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय हुई है। एक दिन पूर्व रायपुर कार्यालय में 250 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 5 करोड़ 72 लाख से ज्यादा की आय हुई है। इस तरह दो दिन में रायपुर कार्यालय में रजिस्ट्री से लगभग 15 करोड़ रुपए की आय हुई है।*

## खबर संक्षेप

### दोपहिया पर दिखाया स्टंट लगा छह हजार जुर्माना

**रायपुर।** नवा रायपुर में बाइक स्टंट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर ट्रैफिक पुलिस ने स्टंट करने वाले की पहचान कर छह हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की है। ट्रैफिक पुलिस ने मंदिर हसौद निवासी खेलू विश्वकर्मा का चालान काट दिया। खेलू ने नवा रायपुर में बाइक स्टंट कर सोशल मीडिया पर अपनी रील वायरल की थी, जिसके बाद उस पर कार्रवाई की गई।

### अंतर्जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**रायपुर।** पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित रायपुर रेंज अंतर्जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पुलिस बैंड पर मार्च पास्ट निकाला।

### आरंग देशी शराब दुकान से डेढ़ लाख की मदिरा पार

**रायपुर।** आरंग थाना में एक शराब दुकान के सुपरवाइजर ने अज्ञात के खिलाफ गुल्लू स्थित देशी शराब दुकान से डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत की 29 पेटी देशी शराब तथा नकदी 16 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उबारन दास पुरैना ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उबारन ने पुलिस को बताया कि बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात अज्ञात चोर शराब दुकान के लोहे का दरवाजा तोड़कर दुकान के अंदर रखी शराब की पेटियां तथा नकदी चोरी कर ले गया है।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आकर युवक की मौत

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रोड एक्सीडेंट में मिथलेश दास मानिकपुरी की मौत हुई है। मिथिलेश के रिश्तेदार ने पुलिस को बताया कि मिथिलेश गुरुवार रात घर से खाना खाने के बाद अपने दोस्त के साथ बाइक से रायपुर आ रहा था।

# कॉलेज में माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में 28 मार्च से 12 दिवसीय माइक्रो एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमईडीपी) का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद की संयुक्त पहल के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार पांडेय गोरखपुर ने अपने संबोधन में कहा कि उद्यमिता ही देश की आर्थिक समृद्धि की कुंजी है। इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को न केवल स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करते हैं, बल्कि उन्हें नवाचार और आर्थिक स्वतंत्रता का अवसर भी प्रदान करते हैं। संस्थान इस प्रकार की पहलों का सदैव समर्थन करता रहेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर एसबी कुमार ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का दौर स्टार्टअप और नवाचार का है। उद्यमिता विकास के लिए सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण आवश्यक है, और हमारा प्रयास है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को व्यावहारिक ज्ञान और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे सफल उद्यमी बन सकें। कार्यक्रम की समन्वयक डाक्टर सरस्वती वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में युवाओं और महिलाओं के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक प्रतिभागी इस प्रशिक्षण का लाभ उठाकर अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करें और स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान दें। प्रशिक्षक एवं मेंटोर विजय कुमार पांडेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि सफल उद्यमी बनने के लिए सही प्रशिक्षण और सतत प्रयास की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम में हम न केवल व्यावसायिक अवधारणाओं को समझाएंगे, बल्कि प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान करेंगे, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें व्यवसाय योजना निर्माण, वित्तीय प्रबंधन, मार्केटिंग, डिजिटल टूल्स, सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न व्यावसायिक अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा किया जा रहा है, जो राज्य में नवोद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के भूगोल विभाग अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, डॉ मनोज कुमार शर्मा विभाग अध्यक्ष वाणिज्य संकाय एवं डॉ स्वेतलाना नागल विभाग अध्यक्ष विज्ञान संकाय, अरविंद साहू उपस्थित रहे।



## खैरा में पेयजल समस्या, विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत खैरा के ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को एक पत्र देकर पेयजल की समस्या से अवगत कराया है। ग्राम पंचायत खैरा के सरपंच प्रांशू चंद्राकर, रोमांतक गिरी गोस्वामी, रोशन चंद्राकर, तुषांत चंद्राकर, श्रीकांत गिरी गोस्वामी, सतीश वैष्णव के अलावा पंचों ने पत्र में उल्लेख कर विधायक को बताया कि खैरा भाठा में अभी से पीने का पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। जबकि, अभी पूरा ग्रीष्म ऋतु बाकी है। अतः पेयजल के लिए शीघ्र बोर खनन की माँग ग्रामवासियों ने की है। लोगों ने बोर का खनन वार्ड क्र. 10 में कर टंकी लगाकर समस्या का शीघ्र समाधान करें। खैरा में 4 सौ घर है। जबकि, जनसंख्या करीब एक हजार के करीब है। यहां तीन वार्ड में एक भी पानी टंकी नहीं है और नल-जल की व्यवस्था है। व्यवस्थित पाइप लाइन बिछाई नहीं गई है। जहां बिछी है। वहां कई जगह लिकेज है, इसके चलते समस्या का शीघ्र निदान करने की मांग की गई है।

## दशकर्म कार्य के लिए मित्र मंडली ने किया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम रेमड़ा दसकर्म में मित्र मंडली द्वारा सामाजिक सद्भाव और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए भागीरथी बुडेक के परिवार को विशेष सहायता प्रदान की गई। इस सहयोग के अंतर्गत 50 किलोग्राम चावल और 5 किलोग्राम दाल का सहयोग दिया गया, जिससे परिवार को आवश्यक खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व ऋषिकेश भोई, उग्रसेन साखरे और पूर्णचंद भोई ने किया। इस दौरान मित्र मंडली के अन्य सदस्य भी बढ़-चढ़कर इस नेक पहल में शामिल हुए। सहयोग देने वाले प्रमुख सदस्यों में उग्रसेन साखरे, अनिल विशाल, गोवर्धन यादव, जितेंद्र दाऊ, पूर्णचंद भोई, जितेंद्र साखरे, उग्रसेन पटेल, लक्ष्मी यादव, सुरेश विशाल, गजेंद्र भोई, मोहन खंडेल, देवेंद्र नेताम, देवेंद्र डड़सेना, लोकनाथ नेताम, शुकुल सिदार और दयंत भोई का योगदान उल्लेखनीय रहा। मित्र मंडली के इस सहयोगी प्रयास से ग्रामवासियों में सामाजिक एकता और मानवीय संवेदनाओं की भावना और प्रबल हुई है। यह पहल समाज के अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित करेगी।

## बस स्टाप निर्माण कार्य का भूमिपूजन...



**बागबाहरा।** नगर पालिका परिषद बागबाहरा अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल एवं उपाध्यक्ष देवेश साहू द्वारा निकाय अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 में बस स्टॉप निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल ने कहा कि इस बस स्टॉप के निर्माण से यात्रियों को बहुत ही सुविधा होगी। यात्रियों के बैठने के साथ मौसम में होने वाली दिक्कत से भी निजात मिलेगी। कार्यक्रम में रमेश ठाकुर पार्षद वार्ड नं 6, मिथुन अमीर पार्षद वार्ड नं 9, मंता यादव पार्षद वार्ड नं 7, ताम्रध्वज बघेल युवा कांग्रेस खल्लारी एवं वार्डवासी अवध चंद्राकर, बंशी चंद्राकर, प्रकाश पाणिग्रही, राहुल यादव, नरेश यादव, बाबू राम कोसरे, पंकज यादव, सुमित सिंह आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क जांच शिविर में 130 मरीजों का उपचार

**सरायपाली।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला शाखा द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के 130 मरीजों का निःशुल्क जांच व उपचार किया गया। नगर के लाइफ केयर हॉस्पिटल और पंकज मेडिकल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें निःशुल्क नेत्र शिविर एवं निशुल्क शारीरिक जांच का आयोजन किया गया। जिसमें 130 मरीज ने अपना इलाज करवाया। इस शिविर में विशाखापटनम के प्रसिद्ध मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ नेलन लुगुन विशेष रूप से अपनी सेवाएं दी। महिला मंडल द्वारा डॉक्टर लुगुन का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा अध्यक्ष कुसुम अग्रवाल, सचिव ललिता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कोमल अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अंजलि अग्रवाल एवं सदस्य शिखा अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, शीतल अग्रवाल एवं रीता अग्रवाल मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी अंजली अग्रवाल द्वारा दी गई।

# कन्हाई परमेश्वरी मंदिर में ज्योति कक्ष का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्थानीय इमलीभाठा वार्ड 2 में कहार भोई समाज द्वारा कुलदेवी मां कन्हाई परमेश्वरी मंदिर में नवनिर्मित ज्योत कक्ष का लोकार्पण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा किया गया। अध्यक्षता ऐतराम साहू (जिलाध्यक्ष भाजपा महासमुंद), विशिष्ट अतिथि देवीचंद राठी (उपाध्यक्ष नगरपालिका महासमुंद), ईश्वरी भोई पार्षद वार्ड 15 महासमुंद, बेमचा उपसरपंच सुनीता भोई, बोरियाझर सरपंच रुखमनी भोई, सुनैना पप्पू ठाकुर पार्षद वार्ड 3, माखन पटेल पार्षद वार्ड 10, मुन्ना साहू, रोहित चंद्राकर पूर्व सरपंच बेमचा रहे। अतिथियों को मां कन्हाई परमेश्वरी के प्रतीक स्वरुप नारियल चुनरी भेंट की गई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मनोज यमराज, सचिव योगेश कश्यप, कोषाध्यक्ष अमित गोहिल, वरिष्ठ पंच उमेंद्र औसर गौरीशंकर औसर, गजानंद गौतम, बलदेव, बलराम, कुलेश बनवासी, बबला औसर, महिला पंच स्वाति कश्यप, संध्या औसर, हेमलता औसर, ममता गोहिल आदि मौजूद रहे। यह जानकरी राज के सचिव योगेश कश्यप ने दी है।



### सफाई कार्य का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बाजार वार्ड में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने नालियों की बेहतर सफाई के निर्देश सफाई कर्मचारियों को दिए। नपाध्यक्ष ने स्वयं उपस्थित रहकर सफाई कराया। उन्होंने कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि सफाई कार्य में लापरवाही न बरते। उन्होंने बाजार वार्ड के लोगों से कचरा डस्टबिन में डालने व आसपास सफाई बनाए रखने की अपील की।

### खैरा से शराब दुकान हटाने की मांग

**महासमुंद।** ग्राम खैरा के ग्रामीणों ने देशी एवं विदेशी शराब दुकान की मांग महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन सौंपकर की है। ज्ञापन में कहा गया है कि महासमुंद से लगा हुआ ग्राम पंचायत खैरा में देशी-विदेशी शराब दुकान संचालित है। जहां नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है। सितलीनाला में डिस्पोजल व शराब की बोतलों को फेंक देते हैं। नशेड़ियों की भीड़ लगी रहती है। ग्राम खैरा में आदिवासी छात्रावास है। जहां छात्रों के साथ ग्रामीणों को भी आवाजाही में भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने उक्त दोनों शराब दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की है।

# जवाहर नवोदय में चयनित छात्रा सिमरन का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय प्राथमिक शाला नायकबांधा की छात्रा सिमरन दीवान का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद में उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सिमरन को मुंह मीठा कराकर उत्साहवर्धन किया। सम्मान समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम एवं हिना ढालेन मौजूद रहे। छात्रा सिमरन दीवान पिता शिवनारायण दीवान, दूरस्थ अंचल के ग्राम नायकबांधा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला नायकबांधा की छात्रा हैं। उनकी मेहनत और लगन से उन्हें यह सफलता मिली। सत्र 2025-26 के लिए उनका चयन नवोदय विद्यालय की कक्षा छठवीं में हुआ है। गौरतलब है कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी को किया गया था, जिसके लिए विद्यालय में विशेष तैयारी कराई जाती है। महासमुंद ब्लॉक से कुल 7 छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है, जो जिले के लिए गर्व की बात है।



## बड़ेटेमरी स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**बसना।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, विकासखंड स्रोत समन्वयक डॉ पूर्णानंद मिश्रा, एबीईओ बद्रीविशाल जोल्हे, विनोद शुक्ला, लोकेश्वर सिंह कंवर, संकुल नोडल प्राचार्य शरद प्रधान के मार्गदर्शन में बसना विकासखंड के संकुल केंद्र बड़ेटेमरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेटेमरी में प्रधान पाठक वारिश कुमार और सहायक शिक्षक नीलम कुमार, मथामणि साहू के विशेष सहयोग से 28 मार्च को कक्षा पहली में अध्ययनरत छात्रा आस्था जगत के घर में छट्ठी कार्यक्रम के अवसर पर माता-पिता ने स्वप्रेरित होकर समस्त छात्रों को पूर्ण न्योता भोज कराया गया। जिसमें चावल, दाल, टमाटर चटनी, मशरूम सब्जी, सलाद एवं पापड़ शिक्षक स्टाफ एवं छात्रों को अपने निवास में कराया गया। शाला परिवार की ओर से इस आयोजन के लिए सराहना की। सभी पालकों को ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित भी किया।

## एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** जगदीशपुर रोड खेमड़ा तालाब के पास बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी प्रभाकर बेहरा निवासी ग्राम चनौरडीह का बड़ा भाई दिवाकर बेहरा 27 मार्च की सुबह संदीप ट्रेक्टर्स बसना में काम करने गया था। काम करके करीबन शाम 7.30 से 8 बजे के बीच अपने मोटर सायकल से घर वापस जा रहा था। इसी दौरान जगदीशपुर रोड खेमड़ा तालाब के पास पहुंचने पर मोटर सायकल सीजी 06 जीडब्लू 7811 के चालक ने पीछे से अपने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दिया, जिससे दिवाकर बेहरा मोटर सायकल सहित गिर गया और सिर, नाक एवं हाथ में चोट लगी। इसके बाद उसने प्रार्थी को फोन लगाकर एक्सीडेंट हो जाने की जानकारी दी। फिर प्रार्थी और त्रिलोचन बेहरा वहां पहुंचे और वाहन बुलाकर घायल दिवाकर बेहरा को घर लेकर गए। घर में सेहत बिगड़ने के बाद सरकारी अस्पताल बसना में इलाज के लिए भर्ती कराया। दूसरी दिन 28 मार्च की सुबह करीबन 7.30 बजे डॉक्टर द्वारा चेक करने पर दिवाकर की मौत हो जाना बताया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# रविवि के तीन विभागों को मिले डीन अन्य विश्वविद्यालयों में फिलहाल इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खबर का असर**

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के तीन विभागों को महीनों इंतजार के बाद अंततः डीन मिल गए हैं। रविवि सहित प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में डीन के पद रिक्त हैं। इसके कारण विश्वविद्यालयों को कई स्तर पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हरिभूमि ने इस समस्या को प्रमुखता के साथ सामने रखा था। कुलाधिपति द्वारा संकायाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के पश्चात विश्वविद्यालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक, सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन डॉ. प्रभावती शुक्ला होंगी। वे रविवि अध्ययनशाला में मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं। शारीरिक शिक्षा संकाय का दायित्व डॉ.रीता वेणुगोपाल को दिया गया है। डॉ.रीता रविवि यूटीडी में शारीरिक शिक्षा विभाग में ही प्राध्यापक हैं। इसके अलावा महाविद्यालयीन प्राध्यापक को भी डीन के रूप में नियुक्त किया गया है। महंत कॉलेज के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ.शांतनु पॉल को वाणिज्य संकाय का डीन नियुक्त किया गया है।

### फिलहाल तीन विभाग में ही नियुक्ति, आदेश जारी


कुलपति छोड़िए...यहां डीन के लिए ही तरस गए

### कहीं से भी चुन सकते

डीन विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के इतर महाविद्यालयों से भी चुन सकते हैं। इस बार हमारे महाविद्यालय के प्राध्यापक को अवसर दिया गया है।

\- डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत कॉलेज


### पूरा करना होता है मापदंड

विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययनशाला के लिए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति अपने स्तर पर की जाती है, लेकिन डीन की नियुक्ति राजभवन से होती है। इसके लिए विवि द्वारा केवल नाम ही भेजे जाते हैं। अध्ययनशाला विभागाध्यक्षों विवि यूटीडी के ही प्राध्यापकों को बनाया जाता है, लेकिन डीन महाविद्यालय के प्राध्यापक को भी बनाया जा सकता है। इसके लिए निर्धारित मापदंड पूर्ण करना अनिवार्य होता है। उदाहरणस्वरूप, प्राध्यापक जिस महाविद्यालय में अध्यापन कार्यरत है, वहां संबंधित संकाय का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम होना जरूरी है। इसके अलावा पीएचडी तथा अध्यापन अनुभव संबंधित योग्यता पूर्ण करना भी जरूरी है।

## खल्लारी मंदिर में हवन-पूजन और भंडारा में महाप्रसादी वितरण



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में माता खल्लारी मंदिर में दो दिवसीय महोत्सव पर शनिवार को जगह-जगह महाप्रसादी वितरण किया गया। प्रातः 11 बजे आचार्य पं लक्ष्मीनारायण महाराज द्वारा श्रद्धा भाव से हवन यज्ञ की गई। कलश स्थापना वैदिक मंत्रों के जाप से परम्परा अनुसार किया गया। वही प्राण-प्रतिष्ठा में सभी सदस्य व वार्डवासियों की उपस्थिति में कराया। भंडारा में महाप्रसादी श्रद्धालु को विरतण किया। धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ दो दिवसीय अनुष्ठान में माता के पूजा अर्चना की गई। जय गणेश समिती के मंडलियों व जय मां वैष्णव देवी समिती के महिला मंडलियों ने सेवागीत, जसगीत की प्रस्तुती दी। ग्राम में महाप्रसादी का वितरण बाजार चौक, सुभाष चौक, सरस्वती चौक, भाटापारा साहू छात्रावास, आजाद चौक, गौरी गौरा चौक, चंडी गेट, निषाद पारा, चंद्राकर पारा में किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसमां जगह जगह सैकड़ों की संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। देर रात तक माता दर्शन पूजा अर्चना का सिलसिला चलता रहा।



**खबर संक्षेप**

## अरंड में श्रीमद् भागवत कथा आज से



**महासमुंद।** ग्राम अरंड (मोहंदी) में 30 मार्च रविवार से 5 अप्रैल शनिवार तक सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक पं. डिगेश्वर प्रसाद तिवारी ग्राम बीकेबाहरा (खल्लारी) द्वारा अमृतमयी भागवत कथा का श्रवण भक्तों को कराया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। प्रथम दिवस 30 मार्च को कलश यात्रा निकाली जाएगी। गौरी पूजन पश्चात गोकर्ण कथा का वाचन होगा। 31 मार्च को बारह अवतार, कविल अवतार कथा, 1 अप्रैल को सती चरित्र, शिव-पार्वती विवाह कथा, 2 अप्रैल को ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार कथा, 3 अप्रैल को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा, 4 अप्रैल को दही लूट, रासलीला, रूकमणि विवाह कथा तथा 5 अप्रैल को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा स्नान, पूर्णाहुति पश्चात शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजनकर्ता लक्ष्मीराम-देवकी साहू, अशोक-रेखा साहू परिवार द्वारा भक्तों को कथा में सम्मिलित होने आग्रह किया गया है।



## अग्निवीर शिवम ने झलप को किया गौरवांवित

**महासमुंद।** ग्राम झलप के होनहार युवक शिवम पिता यशपाल शर्मा ने अग्निवीर में चयनित होकर अपने माता पिता व झलप का गौरव बढ़ाया है। सफलता से अभिभूत होकर ग्राम पंचायत झलप के सरपंच राकेश साहू द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच राकेश साहू, जनपद सदस्य बलविंदर सिंह, सलूजा उपसरपंच किशन कोसरिया, ललिता अग्रवाल, ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष भागीरथी मार्कंडेय, कौशल देवांगन, अतुल गुप्ता, नीरज अग्रवाल, शम्मी सलूजा, सुभाष पटेल, मेघनाथ यादव, दुर्गेश ध्रुववंशी ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चर्चा : कॉलेज के विकास के लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# बैठक व्यवस्था, सीमेंट की 20 कुर्सियां लगाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

- **वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन**




वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल की अध्यक्षता में महाविद्यालय के विकास के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति के सचिव पीके भोई एवं एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के सदस्यों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई ने महाविद्यालय से संबंधित समस्याओं एवं अव्यवस्था को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के लिए अतिरिक्त भवन निर्माण की तरफ भी समिति का ध्यानाकृष्ट किया गया। सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों के लिए अध्ययन व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए समिति के सम्मुख भवन के लिए मांग किया गया। महाविद्यालय में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के रिक्त पदों की भी जानकारी दी गई तथा समिति के समक्ष अपनी बात रखी गई। महाविद्यालय के अन्य मुद्दों पर प्राचार्य ने समिति को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया। इसके पश्चात जनभागीदारी समिति के प्रभारी द्वारा एजेंडावार प्रस्तुतीकरण किया गया। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को समाधान करने का आग्रह किया गया। महाविद्यालय को भूमि आबंटित न होने के कारण कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके लिए संबंधित विभाग एवं अधिकारी से चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व के समिति के बैठक में लिए गए प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। महाविद्यालय के बाउंड्रीवॉल में जालीदार फेंसिंग कार्य करने का निर्णय लिया गया तथा भीषण गर्मी को देखते हुए बोर उत्खनन के लिए संबंधित विभाग को मांग पत्र सौंपा जाएगा। महाविद्यालय के ग्रंथालय एवं भूगोल विभाग में एसी लगाने का भी निर्णय लिया गया। वार्षिक परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों के पालकों के लिए बैठक व्यवस्था के लिए सीमेंट की कुर्सियां 20 नग लगाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यगण राजेंद्र सिंह उबोवेजा, अविनाश सिंह, रश्मि पंडा, मनोज दास, स्वर्ण सिंह सलूजा, नरेंद्र सलूजा, राजू सलूजा, विदित धनानिया, मुरली नायक, चंद्रमणि भोई, प्रमोद सागर सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन छात्रसंघ प्रभारी डॉ. संध्या भोई ने किया।

# वुडबॉल चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिषेक ने की विधायक से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



19वीं नेशनल वुडबॉल चैंपियनशिप 2024-25 में महासमुंद के अभिषेक पांडे ने पुरुष सिंगल्स में कांस्य पदक जीता है। शनिवार को अभिषेक पांडे महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात करने पहुंचे। विधायक सिन्हा ने उनकी इस उपलब्धि के लिए हर्ष जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रौशन करें, इसके लिए हमारी राज्य सरकार सदैव तत्पर है।

खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके चलते ही अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा उपस्थित थे। बता दें कि वुडबॉल चैंपियनशिप 22 से 26 मार्च तक नागपुर में आयोजित की गई थी। देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए महासमुंद के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अभिषेक पांडे ने शानदार प्रदर्शन किया है।

इस उपलब्धि पर पूरे छत्तीसगढ़ और महासमुंद जिले में खुशी की लहर है। उनके परिवार, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना की। अभिषेक की इस सफलता ने महासमुंद का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है।



## हाईमास्क लाइट स्थापना के लिए भूमिपूजन

**बागबाहरा।** नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल एवं उपाध्यक्ष देवेश साहू द्वारा निकाय अंतर्गत वार्ड क्रमांक 06 में हाईमास्क लाइट स्थापना कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में रमेश ठाकुर पार्षद वार्ड नं 6, मिथुन अमीर पार्षद वार्ड नं 9, मंता यादव पार्षद वार्ड नं 7, शैलेश साहू पार्षद वार्ड नं. 4, ताम्रध्वज बघेल युवा कांग्रेस खल्लारी, लोकेश उईके, सन्नी दुआ, वार्डवासी डेमन साहू, राजू यादव, लक्ष्मी ध्रुव, डेमन ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना



छग पेंशनधारी कल्याण संघ बागबाहरा की बैठक एवं होली मिलन समारोह का कार्यक्रम स्थानीय विप्रभवन में आयोजित की गई। अध्यक्षता हीराधर सोम एवं अशोक गिरी गोस्वामी, संचालन रूपेश तिवारी ने किया। बैठक में आय व्यय संबंधी जानकारी एवं पेंशनरों की समस्या का निराकरण की जानकारी जिला अध्यक्ष अशोक गिरी गोशवामी द्वारा दी गई। पश्चात 80 वर्ष से ऊपर पेंशनरों का जिसमे हीराधर सोम, रामजी प्रसाद पांडेय, आर. बेपारी, झाडूराम यादव के साथ ही नए सदस्य उमेंद सिंह बरिहा, खेदूराम, देव कुमारी का शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वही मार्च माह में जन्मदिन वाले गोपाल सिंह, भीम ठाकुर व रामजी प्रसाद पांडेय का श्रीफल से सम्मान किया गया। इस दौरान तहसील शाखा का पुनर्गठन किया गया। जिसमें थानसिंह ठाकुर को अध्यक्ष, खेदूराम बरिहा को उपाध्यक्ष, अमराव सिंह को सचिव, कुंजलाल दीवान को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में शिव दीवान, शोभाराम साव, कल्याण सिंह, गोपाल ठाकुर, भुलऊ राम, सुमिरन साहू, केआर साहू, आशाराम मोंगरे, हेमलाल, गेदूराम, चंद्रभान कश्यप, बलराम ध्रुव, सन्मान सिंह, बंशीलाल चंद्राकर, भावसिंह, खोलबाहरा साहू, विमला महोबिया आदि पेंशनर उपस्थित रहे।

# डबल इंजन सरकार में फिर नई समस्या से किसान परेशान: अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा किसानों की सूचनाओं को एक जगह एकत्रित करने के उद्देश्य से किसान आईडी बनवा रही है। जिसके अंतर्गत किसानों को एग्रीस्टैक पोर्टल या राज्य सरकार के कृषि पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन करवाना पड़ता है और किसान चाहे तो ग्राम पंचायत में लगने वाले शिविरों, सीएससी केंद्रों या स्थानीय पटवारी/कृषि कार्यालय के जरिए भी पंजीयन करवा सकता है, पर साय सरकार ऑफलाइन को तव्वजो नहीं दे रही है। अंकित ने बताया कि इसके लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, भूमि के कागजात (खसरा/खतौनी) और मोबाइल नंबर आवश्यक होते हैं, इससे किसानों का एक डिजिटल पासपोर्ट तैयार हो जाएगा और खेती किसानी से संबंधित जानकारियों के अलावा सरकारी योजनाओं का लाभ भी इसी आईडी के माध्यम से मिलेगा।

अंकित ने बताया कि बावजूद इसके कोमाखान तहसील अंतर्गत आने वाले पतेरापाली (स) का हमनाम ग्राम पतेरापाली बागबाहरा तहसील में भी आता है, तो जब भी पतेरापाली (स) के पंजीयन का पोर्टल खोला जाता है उसमें उस ग्राम से संबंधित जानकारियां ना मिलकर हमनाम ग्राम के किसानों का नाम आता है, जिससे आज दिनांक तक कई बार पटवारी को मौखिक बोलने के बावजूद पंजीयन नहीं मिल रहा है। इस समस्या को लेकर आज ग्राम के किसान रामसिंह ठाकुर, रामजी यादव, धनसाय, मेहतर रात्रे, रामकुमार, मेहतरू, केशव, तुलसीराम, उदेराम आदि बागबाहरा स्थित अंकित बागबाहरा के निवास पर मिले। सबसे पहले विद्युत कटौती, लो वोल्टेज के ख़िलाफ़ लडाई लड़ने पर साधुवाद दिया। और समस्या का तत्काल निदान करवाने की मांग की। समस्या को समझते हुए अंकित ने तत्काल इसके निदान के लिए उच्चाधिकारियों से चर्चा का आश्वासन दिया।

प्रवेश प्रारंभ... नवोदय में चयन प्रवेश प्रारंभ...
एम्बिशन पब्लिक स्कूल & कोचिंग सिवनी (सेजबहार)
से जवाहर नवोदय विद्यालय माना में सत्र 2025-26 के लिए चयनित बच्चे




विगत वर्षो के भांति इस बार भी एम्बिशन पब्लिक स्कूल & कोचिंग, सिवनी-2 (सेजबहार) से इस सत्र 2025-26 के लिए 6वीं में 19 बच्चों का (विगत 7 वर्षों में 100 बच्चों का) जवाहर नवोदय विद्यालय माना में चयन हुआ है। इस स्कूल का मुख्य उद्देश्य कक्षा 6वीं में नवोदय, सैनिक, मिलिट्री, प्रयास स्कूलों में बच्चों का चयन कराना है, इस स्कूल में कक्षा- 3 से ही बच्चों को पाठ्यक्रम पढ़ाई के साथ ही साथ उपरोक्त प्रवेश परीक्षा के लिए बच्चों को तैयार किया जाता है, ताकि बच्चे आगे की पढ़ाई उपरोक्त प्रख्यात स्कूलों में अध्ययन कर अपने उज्जवल भविष्य सवार सके, स्कूल संचालक भगत रात्रे ने सभी प्रतिभाशाली बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं दिए। एम्बिशन पब्लिक स्कूल में नर्सरी से पांचवीं तक (English Medium) एडमिशन प्रारंभ है।

संचालक भगत रात्रे मो. 9131314841
उप संचालक साहिल रात्रे डेविड रात्रे
प्रेरणाश्रोत हेमंत सिंह (SI) मो. 9407786769

नोट : नवोदय चयन कोचिंग सत्र 2026-27 प्रवेश प्रारंभ - पहले आओ-प्रवेश पाओ

# नेताम परिवार ने कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय प्राथमिक शाला बोरिद में स्व. कांशीराम ध्रुव (शिक्षक) की पांचवी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अजय मंगल सिंह ध्रुव (सरपंच), खेमसिंह ध्रुव और पूरे नेताम परिवार की ओर से प्रधानमंत्री पोषण आहार शक्ति योजना के अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें स्वल्पाहार के साथ खीर पूड़ी, चावल दाल सब्जी, परोसा गया। नेताम परिवार की ओर से प्राथमिक शाला के बच्चों को खेल उपकरण बैडमिंटन, वॉलीबाल, फुटबॉल भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक बाबूलाल ध्रुव, बलराम बनवासी शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गोपाल ध्रुव, उपाध्यक्ष दशरथ खैरवार, अरुणा ध्रुव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सोनकुंवर, मेहतरीन बाई, नरबाई ध्रुव, मोतीराम ध्रुव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अनुविभाग के कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार एवं मनमानी की शिकायत राजस्व सचिव से

### शिकायत के बाद भी नहीं आया सुधार तो राजधानी तक करेंगे पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने प्रदेश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के लिए सरकार की प्रशंसा करते हुए इसको और ज्यादा विस्तारित करने की मांग की है। राजस्व विभाग में करोड़ों और अरबों के हुए जमीन घोटाले में राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत का उजागर होना मात्र कुछ प्रकरणों का सामने आना है। महासमुंद जिले के अनेक स्थानों के साथ-साथ पिथौरा, सरायपाली एवं महासमुंद अनुविभाग के अनेक स्थानों पर करोड़ों की जमीन के घपले के साथ-साथ आम लोगों को परेशान कर वसूली की अनेक शिकायतें पहले भी आती रही है एवं अभी भी आ रही है। जिन अधिकारियों के यहां महादेव सट्टा ऐप को लेकर छापे पड़े हैं, उनमें से कई महासमुंद में पदस्थ रहे हैं जिनकी तत्कालीन समय की संदिग्ध गतिविधियों एवं शराब माफियाओं से मिलीभगत जगजाहिर थी, जिसका परिणाम अब उन्हें भोगना पड़ रहा है। डॉ. चोपड़ा ने महासमुंद राजस्व अनुविभाग के कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार एवं मनमानी की प्रकरण लिखित शिकायत मंत्रालय में राजस्व सचिव अविनाश चंपावत से भेंटकर सौंपी एवं बताया कि किस प्रकार छोटे-मोटे प्रकरणों को भी जानबूझकर न्यायालयीन प्रकरण बना लिया जाता है। जबकि, यह सिटीजन चार्टर के प्रकरण होते हैं और वसूली अभियान प्रारंभ हो जाता है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि बुधवार को लगने वाले जनसमस्या सुनवाई में आए प्रकरणों का कलेक्टर से अनुरोध एवं उनके आश्वासन के बाद भी आज तक हल न निकलना घोर उपेक्षात्मक रवैया है। वहीं कलेक्टर का हर बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिखावा मात्र लगता है और गरीब, किसान, मजदूर परेशान है। राजस्व सचिव को ज्ञापन के पश्चात भी यदि एक माह के भीतर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो पीड़ित आवेदकों को लेकर महासमुंद से रायपुर मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल निवास तक पदयात्रा कर अधिकारियों के विरोध में कार्रवाई को लेकर मांग पत्र सौंपा जाएगा।



### नांदगांव में पांचवीं के छात्र-छात्राओं को शाला परिवार ने दी विदाई

# भावुक छात्रों ने कहा: सदैव याद रहेगा शिक्षकों का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में कक्षा पांचवीं के छात्र-छात्राओं को शाला परिवार ने विदाई दी। विदाई समारोह में पहुंचे कक्षा पांचवीं के सभी छात्र-छात्राओं का शिक्षकों ने तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने बीते वर्ष तक संस्था में पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक व अन्य गतिविधि, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अन्य पलों की याद कर भावुक हुए और कहा कि यह संस्था ने शिक्षा के साथ हमें सभी प्रकार की ज्ञान दी है। इस संस्था के शिक्षकों के मार्गदर्शन को सदैव याद रखेंगे।

संस्था के प्रधान पाठक शीला चंद्राकर ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत किया। उन्होंने कहा कि संस्था में रहकर अनुशासन का पालन करते हुए बच्चों ने शिक्षा प्राप्त किए हैं। परीक्षा में बिना कोई तनाव के बैठें। ताकि, अच्छा अंक अर्जित हो और आपके माता-पिता के साथ-साथ संस्था का भी नाम रोशन हो। शिक्षक अजय बंजारे ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। कक्षा पांचवीं की छात्रा अनोखी चंद्राकर, योगेश्वरी धीवर, तानिया धीवर, देवेश पटेल तथा रोमा पटेल ने अपने अनुभवों को साझा किया। शिक्षक कमलेश पटेल ने सभी बच्चों को पेन, पेंसिल पाउच तथा मीठा में कप केक देकर इन 5 सालों में बच्चों के शैक्षणिक, सह शैक्षणिक, संज्ञानात्मक एवं सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र का उल्लेख करते हुए जो भी ज्ञान, शिक्षा इस संस्था में उन्होंने सीखे हैं उसको अनुकरण करने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन अजय बंजारे एवं आभार प्रदर्शन घनश्याम बंजारे ने किया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षकगण लक्ष्मी साहू, विनेश कुमार पांडे तथा पाटिलबहरा के शिक्षक सार्वेंद्र कुमार महानदिया का विशेष सहयोग रहा।

## खल्लारी मंदिर बेमचा में नवरात्र पर्व आज से

**महासमुंद।** चैत्र क्वांर नवरात्र पर ग्राम बेमचा स्थित मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 30 मार्च शनिवार को दोपहर 12 बजे होगा। पंचमी श्रृंगार 2 अप्रैल बुधवार, हवन अनुष्ठान 5 अप्रैल शनिवार संध्या 5 बजे, ज्योति शांति 5 अप्रैल शनिवार रात्रि 12 बजे होगा। मेला 12 अप्रैल को लगेगा। नवरात्र के दौरान श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान गंगा सप्ताह का आयोजन किया गया है। इसमें भगवताचार्य पंडित मिथलेश कुमार तिवारी महासमुंद होंगे। कथा दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक होगा। सभी श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411